चोरी | श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तब पता चली चोरी की घटना

जैन मंदिर में चोरों का धावा, लाखों के जेवरात और मूर्तियां चोरी

नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव। जिले के गोटेगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम रामनिवारी में मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। शातिर चोरों ने स्थानीय जैन मंदिर को निशाना बनाते हुए वहां रखी लाखों रूपये की बेशकीमती सामग्री और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना का खुलासा बुधवार सुबह तब हुआ जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और वहां के ताले टूटे हुए देखे। इस वारदात के बाद से पूरे क्षेत्र के जैन समाज और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

योजनाबद्ध तरीके से मंदिर के ताले तोड़कर भीतर घुसे चोर

जानकारी के अनुसार यह वारदात रात करीब 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। चोरों ने पूरी योजना के साथ मंदिर के चार ताले तोड़े और भीतर प्रवेश किया। मंदिर के गर्भगृह से चोरों ने 11 छत्र, 2 सिंहासन और भगवान की 2 प्राचीन मूर्तियां चोरी कर लीं। इतना ही नहीं, दानपेटी में रखे लगभग 50 हजार रूपये नगद भी चोर लेकर रफूचक्कर हो गए।

थाना प्रभारी का फोन बजता रहा पर साहब ने नहीं उठाया

चोरों की चतुराई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे मंदिर के तीन टूटे हुए ताले भी अपने साथ ले गए। चोरी गई कुल सामग्री की अनुमानित कीमत 6 से 7 लाख रूपये के करीब आंकी जा रही है। जैसे ही चोरी की खबर गांव में फैली, बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। हालांकि इस गंभीर मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना के संबंध में जानकारी लेने के लिए जब गोटेगांव थाना प्रभारी प्रदीप सराफ को बार-बार फोन लगाया गया, तो उन्होंने हमेशा की तरह फोन रिसीव नहीं किया। पुलिस की इस बेरुखी और क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरियों से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। फिलहाल पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है, लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है।

पुलिस की सुस्ती से आरोपियों के हौसले बुलंद

नवभारत,गोटेगांव। गत दिवस जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में एक मजदूर ने दबंगों द्वारा मजदूरी के पैसे डकारने और मांगने पर बेरहमी से मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम श्रीनगर निवासी आवेदक राजाराम चौधरी ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में बताया कि ग्राम उमरिया में मक्का भराई का काम करने के बाद जब उसने अपनी मेहनत की कमाई मांगी, तो अनावेदकों ने उसे बुलाकर अपमानित किया और मारपीट कर लूटपाट की। आवेदक राजाराम के अनुसार 24 फरवरी 2026 को गोधन चौधरी और देवेंद्र चौधरी ने उसे मजदूरी के पैसे देने के बहाने जबलपुर नाका बुलाया। जब वह वहां पहुंचा, तो दोनों ने पैसे देने के बजाय उसके साथ मां-बहन की गंदी गालियां देते हुए जूता-चप्पल से मारपीट शुरू कर दी। छीना-झपटी के दौरान आरोपियों ने राजाराम की जेब में रखे 6 हजार रूपये नगद और उसका कीमती मोबाइल फोन भी लूट लिया। मारपीट के बाद आरोपियों ने धमकी दी कि यदि दोबारा पैसे मांगे तो जान से मार डालेंगे। पीड़ित मजदूर ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उसने गोटेगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जहां उसका मेडिकल (एमएलसी) भी कराया गया।

कैंसर से बचाने के लिए चला मुफ्त टीकाकरण अभियान

नवभारत,गोटेगांव। महिलाओं में होने वाले घातक सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विशेष टीकाकरण अभियान का आगाज किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव सहित जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचवीपी वैक्सीन निशुल्क लगाई जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह टीका बालिकाओं को भविष्य में होने वाली इस जानलेवा बीमारी से जीवनभर के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान जिला सीएमएचओ डॉ मनीष कुमार मिश्रा ने स्वयं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ मिश्रा ने वैक्सीन की सुरक्षा को लेकर फैली सभी भ्रांतियों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन वर्ष 2009 से वैश्विक स्तर पर उपयोग की जा रही है और अब तक दुनिया की लगभग 25 करोड़ बालिकाओं को यह टीका लग चुका है, जिसका कोई भी प्रतिकूल प्रभाव सामने नहीं आया है। सीएमएचओ ने आगे जानकारी दी कि यह टीका महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को जड़ से खत्म करने की अद्भुत क्षमता रखता है। विशेष बात यह है कि शासन द्वारा यह जीवनरक्षक टीका पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि बाजार में इसकी कीमत कम से कम 4000 रूपये है। इस टीकाकरण अभियान के दौरान बीएमओ डॉ एस एस ध्रुवे सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैद रहे।

19 से शुरू होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में जनभागीदारी करने की अपील

नवभारत,नरसिंहपुर । कलेक्टर रजनी सिंह और सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत आने वाले ग्राम कठौतिया में बारूरेवा नदी पर सामूहिक श्रमदान कर बोरी बंधान का कार्य किया। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि 19 मार्च से शुरू होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय भागीदारी कर पानी की प्रत्येक बूंद को बचाएं। इस अवसर पर अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वसहायता समूह की महिलाओं तथा ग्राम की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर बोरी बंधान के कार्य में अपनी सहभागिता निभाई। बोरी बंधान के माध्यम से बहते हुए पानी को रोककर जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इससे ग्रीष्मकाल में पशु-पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि होगी। साथ ही बंधान के आसपास के किसानों को कृषि सिंचाई के लिए भी पानी की उपलब्धता मिल सकेगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को लाभ होगा।

एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विगत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सर्वोदय विद्यालय तेंदूखेड़ा का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम टेकापार में ध्वजारोहण और लक्ष्य गीत के साथ शुरू हुआ। स्वयंसेवकों ने ग्राम की मुख्य सड़क मार्गों से श्रमदान स्वच्छता का संदेश देते हुए जन जागरण रैली के माध्यम से किया। बेटी बचाओ स्वच्छता जल संरक्षण पर्यावरण एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरण को लेकर इन सात दिनों में गतिविधियां संचालित की जायेगी।इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष नामदेव द्वारा सात दिवसों में चलाये जाने वाली गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। तथा संस्था प्रबंधक डॉ प्रकाश जैन श्रीमति डा किरण प्रभा जैन एवं प्राचार्य कमल कुमार जैन ने छात्रों को दी शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में दबदबा,जिले की टॉप टेन सूची में सात विद्यार्थी

नवभारत,साईखेड़ा। राष्ट्रीय योग्यता-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) के सत्र 2025-26 के परिणामों में सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय के कुल 28 विद्यार्थियों का चयन वरीयता के आधार पर हुआ है।

जो जिले में किसी भी शिक्षण संस्था के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।जिला मेरिट सूची और टॉप टेन में विद्यालय का वर्चस्व विद्यालय के प्रधान पाठक सरदार सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के छात्र कार्तिक चौरसिया ने जिला स्तरीय वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त जिले की टॉप टेन सूची में विद्यालय के कुल सात विद्यार्थियों ने अपनी जगह सुरक्षित की है, जिनमें कार्तिक चौरसिया के साथ प्रद्युम्न कुशवाहा, कार्तिक अवधिया, आरती लोधी, समर अग्रवाल, प्रयांश राजपूत और प्रशांत कुशवाहा शामिल हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन और समर्पण से मिली सफलता विद्यार्थियों की इस अप्रतिम सफलता में विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और वर्ष भर की गई कड़ी मेहनत का विशेष योगदान रहा है। परीक्षा के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार तार्किक, गणितीय और विषयवार अध्यापन कार्य में शिक्षक आरती पटेल, खुशबू खरे, अंकित द्विवेदी, ओम जी कौरव और भैयाराम अहिरवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षकों द्वारा सत्र के प्रारंभ से ही कालखंड वार विशेष कक्षाओं का संचालन किया गया और अभिभावकों से निरंतर संपर्क कर विद्यार्थियों को घर पर भी अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों और अभिभावकों ने व्यक्त की प्रसन्नता संस्था की इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी सहित समस्त मार्गदर्शन दाताओं का आभार व्यक्त किया है। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, समस्त शिक्षकों और अभिभावकों ने चयनित छात्र-छात्राओं को उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

सड़क पर बहता है निस्तार का गंदा पानी दोनों तरफ नाली निर्माण की मांग

नवभारत,तेंदूखेड़ा। समीपी ग्राम डोभी गड़रिया मुहल्ला से छत्ती माता तक मुख्य सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण नहीं होने से निस्तार का गंदा पानी बीच सड़क पर बहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बारिश और घरों का गंदा पानी सड़क पर ही भर जाता है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण सड़क पर कीचड़ फैल जाता है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बच्चों बुजुर्गों और राहगीरों को विशेष रूप से कठिनाई उठानी पड़ रही है।

स्थानीय नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि शीघ्र दोनों ओर पक्की नालियों का निर्माण कराया जाए।ताकि जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

एक नजर में

भारत विकास परिषद् ने एसडीएम को किया सम्मानित

नवभारत,तेंदूखेड़ा। हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सिविल सर्विस परीक्षा परिणाम में तेंदूखेड़ा में पदस्थ एस डी एम पूजा सोनी ने 249 वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि पर भारत विकास परिषद् शाखा तेंदूखेड़ा ने बधाई देते हुए उन्हें शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर परिषद के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सौंदर्यीकरण का कार्य कराने के दिये निर्देश

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह ने विकासखंड करेली की ग्राम पंचायत रमखिरिया पहुंचकर लगभग 3 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्टॉपडेम सह पुलिया का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्टॉपडेम क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कराया जाए, ताकि यह स्थान उपयोगी होने के साथ-साथ आकर्षक भी बन सके। उन्होंने कहा कि ऐसे जल संरचनाओं के आसपास साफ-सफाई, पौधारोपण के कार्य किए जाएं।

घर- घर जाकर किया पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत,नरसिंहपुर। क्षीर धारा ग्राम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत लिंगा में उपसंचालक पशुपालन विभाग नरसिंहपुर डॉ. सुनील बृजपुरिया के मार्गदर्शन में पशु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों- कर्मचारियों एवं गौ सेवकों द्वारा ग्राम में घर- घर जाकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पशुपालकों को पशुपालन प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी और सुझाव दिए गए। शिविर के दौरान गायों का गर्भ परीक्षण, बांझ पशुओं का उपचार और पशुओं में इयर टैगिंग का कार्य किया गया। साथ ही पशुपालकों को आवश्यक दवाईयों का वितरण भी किया गया। पशुपालकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस दौरान सरपंच ताराचंद जाटव, सुरेंद्र कौरव सहित ग्रामीणजन व पशुपालक मौजूद थे।

एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज

नवभारत,नरसिंहपुर। जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 13 मार्च को प्रात- 10.30 बजे से कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि प्रशिक्षण में सीएमएमएस की हैंड्स-ऑन प्रेक्टिस की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान डिजीटल पोर्टल के संचालन का भी गहन अभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने समस्त चार्ज जनगणना अधिकारी से कहा है कि वे अपने जनगणना लिपिक के साथ लेपटॉप सहित उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत महिलाओं ने लगाए फलदार पौधे

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले में एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत विकासखंड करेली के अंतर्गत आने वाले ग्राम कपूरी में शिवशक्ति स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बगिया विकसित करते हुए 25 आम और 25 नींबू के पौधे लगाए हैं। महिला स्वसहायता समूह द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आजीविका के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर रजनी सिंह ने कहा कि स्वसहायता समूह की महिलाएं अन्य महिलाओं को भी इस परियोजना से जोड़ें, ताकि अधिक से अधिक स्थानों पर फलदार पौधों की बगिया विकसित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की बगिया से भविष्य में महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित कर इस परियोजना को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाए।

एक रोटी गौ माता के नाम, श्री जी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने की शुरुआत

नवभारत,तेंदूखेड़ा। गौ माता को लेकर आज की स्थिति से लगभग हर वर्ग बाखिब बना हुआ है।गौ माता को केवल गौ माता कहने से काम नहीं चलेगा बल्कि इसके संरक्षण की नैतिक जिम्मेदारी हमारी ही है।

इस विषय को एक मुहिम का रुप देने के लिए श्री जी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मलखान सिंह पटेल और उनके स्कूल की टीम ने ऊमरपानी में स्कूल पहुंच मार्ग पर एक रोटी गाय के नाम संचय केंद्र का शुभारंभ किया है। डायरेक्टर मलखान सिंह पटेल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया है कि जिस घर में भोजन बच जाये उसे फालतू ना फेंके संचय केंद्र में आकर रखें के साथ साथ भोजन बनने के समय एक रोटी गाय के नाम से जरुर निकाल कर आकर जमा करें। निराश्रित गायों को खिलाई जायेंगी।इस मुहिम में सभी वर्गों से सहयोग करने की अपील की गई है। डायरेक्टर ने गौ माता के संरक्षण के साथ गौ शालाओं में जाकर सेवायें देने अपने जन्मदिन विवाह दिवस पुण्य स्मृति दिवस पर विशेष रूप से गौ शालाओं में जाकर सेवायें अवश्य देवें।

स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़,अध्यक्ष सहित युवाओं ने किया रक्तदान

नवभारत,साईखेड़ा। नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय चंद्रकांत चौकसे की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को नगर में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। लाइफ लाइन हॉस्पिटल, गाडरवारा के तत्वधान में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुँचकर अपनी स्वास्थ्य जाँच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। जाँच के साथ मिली निशुल्क दवाइयां शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से हेल्थ केयर पैथोलॉजी लैब द्वारा मरीजों की निशुल्क पैथोलॉजी जाँचें की गईं। इसमें मुख्य रूप से हृदय रोग (ECG), शुगर, ब्लड प्रेशर (BP) और हीमोग्लोबिन जैसी महत्वपूर्ण जाँचें शामिल रहीं। जाँच के उपरांत डॉ. मनीष महोबिया एवं उनकी मेडिकल टीम ने मरीजों का व्यक्तिगत स्वास्थ्य परीक्षण किया और शिविर में ही आवश्यक दवाइयों का निशुल्क वितरण भी किया गया। अध्यक्ष स्वाति अग्रवाल ने किया रक्तदान, युवाओं में दिखा जोश स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ आयोजित रक्तदान शिविर आकर्षण का केंद्र रहा। मानवता की सेवा के संकल्प के साथ नगर परिषद साईंखेड़ा की अध्यक्ष स्वाति सचिन अग्रवाल ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का उत्साहवर्धन किया। उनके इस कदम की सराहना करते हुए नगर के दर्जनों युवाओं ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया, ताकि आपात स्थिति में जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके। इनका रहा विशेष योगदान, शिविर के सफल आयोजन में डॉ. मनीष महोबिया और उनकी सहयोगी टीम का विशेष तकनीकी योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में पार्षद प्रतिनिधि गजेन्द्र चौकसे ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अस्पताल प्रबंधन, पैथोलॉजी टीम, रक्तदाताओं और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय चौकसे जी की स्मृति में किए गए इस सेवा कार्य का उद्देश्य नगर के हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ना है।

न्याय के लिए कलेक्ट्रेट की चौखट पर पहुंची बेबस मां

हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर मासूमों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए

नवभारत,गोटेगांव/नरसिंहपुर। ममता की पुकार और न्याय की उम्मीद लेकर एक मां अपने दो मासूम बच्चों को ससुराल पक्ष की अवैध अभिरक्षा से मुक्त कराने के लिए शासन-प्रशासन की शरण में पहुंची है। गोटेगांव तहसील के ग्राम नेगुवा की निवासी सुष्मिता वर्मन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि उसके 4 वर्षीय पुत्र आर्यन और 2 वर्षीय पुत्री हर्षिता को उसके ससुराल वालों ने जबरन छीन लिया है और अब उन्हें वापस नहीं कर रहे हैं।

इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर रिश्तों की संवेदनशीलता और पारिवारिक विवादों में पिसते मासूमों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता के अनुसार, उसका विवाह 7 वर्ष पूर्व जबलपुर जिले के ग्राम पारा निवासी राहुल वर्मन के साथ हुआ था, लेकिन पति की शराब की लत और निरंतर घरेलू हिंसा व प्रताड़ना ने उसका जीवन नरक बना दिया था। इसी कलह से तंग आकर वह जनवरी 2025 में अपने दोनों बच्चों को लेकर मायके आ गई थी। आवेदिका का आरोप है कि अगस्त 2025 में ससुर, देवर और अन्य लोगों ने उसके मायके में आकर न केवल गुंडागर्दी की, बल्कि बलपूर्वक दोनों मासूमों को उसकी गोद से छीनकर ले गए। तब से सुष्मिता अपने जिगर के टुकड़ों को वापस पाने के लिए दर-दर भटक रही है। अपनी शिकायत में पीड़िता ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

मानवाधिकारों का हनन

उसने बताया कि बच्चों का पिता पेशे से ड्राइवर है और अक्सर काम के सिलसिले में बाहर रहता है, जिसके कारण घर में छोटे बच्चे अकेले और असुरक्षित हैं। उचित देखभाल और सही पोषण न मिलने से मासूमों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। एक मां होने के नाते सुष्मिता ने इसे मानवाधिकारों का हनन बताते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उसने गुहार लगाई है कि बच्चों को ससुराल पक्ष की अवैध कैद से मुक्त कराकर उसे वैधानिक संरक्षण (कस्टडी) दिलाया जाए। प्रशासन ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

असामाजिक तत्वों की गुंडागर्दी के विरोध में व्यापारियों का फूटा आक्रोश

नवभारत,गोटेगांव। समीप विगतदिवस ग्राम कुम्हड़ाखेड़ा में एक किराना दुकानदार के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई लूटपाट और हमले की घटना के विरोध में व्यापारी संघ ने कड़ा रुख अपनाया है।

घटना से आक्रोशित व्यापारियों के संगठन ने पुलिस थाना गोटेगांव पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने बताया कि दिनांक 09 मार्च 2026 को रात्रि लगभग 8 बजे कुम्हड़ाखेड़ा स्थित अक्षय किराना भंडार के संचालक राकेश कुमार नेमा के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने कायरतापूर्ण हमला कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। इस सनसनीखेज घटना के बाद से क्षेत्र के समस्त किराना व्यापारियों और व्यापारी संघ में गहरा भय और रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उक्त वारदात में शामिल सभी उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध कड़ी और प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाए।